संख्या- 144 /2025/1019 /चार-2025-1834120

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक: 28 मार्च, 2025**

विषय:- सनातन गर्व- महाकुम्भ पर्व के अवसर पर संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 एवं हिन्दी साहित्य अकादमी, संस्कार भारती एवं राष्ट्रीय कवि संगम के संयुक्त तत्वावधान में कुम्भ मेला-2025 के प्री इवेन्ट के अन्तर्गत कवि कुम्भ कार्यक्रम के आयोजन पर हुए अतिरिक्त वास्तविक व्यय रू0 68,39,545.00 की कार्योत्तर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 6040/सं0नि0-15(29)/2024-25, दिनांक 23 मार्च, 2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन के पत्र संख्या-2147/ चार-2024-1834120, दिनांक 29.07.2024 द्वारा हिन्दी साहित्य अकादमी एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कुम्भ मेला-2025 के प्री इवेंट के अन्तर्गत कवि कुम्भ कार्यक्रम कराये जाने की प्रदान की गयी प्रशासनिक स्वीकृति के क्रम में दिनांक 05 से 07 सितम्बर, 2024 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, मरकरी हॉल, गोमतीनगर, लखनऊ में हिन्दी साहित्य अकादमी एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कवि कुम्भ का आयोजन किया गया है।

2. हिन्दी साहित्य अकादमी के साथ-साथ संस्कार भारती एवं राष्ट्रीय कवि संगम संस्था को भी सम्मिलित करते हुए संस्कृति निदेशालय के संयुक्त तत्वाधान दिनांक 05 से 07 सितम्बर, 2024 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में कवि कुम्भ सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमें देश/प्रदेश के पूर्व प्रस्तावित 300 कवियों के सापेक्ष लगभग 500 से अधिक कवियों द्वारा प्रतिदिन प्रतिभाग किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित कवियों द्वारा अपनी-अपनी कविताओं का पाठ प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 03:00 बजे तक प्रतिदिन किया गया है, जिसके कारण प्राप्त स्वीकृति के सापेक्ष रू0 68,39,545/- (रूपये अड़सठ लाख उनतालीस हजार पांच सौ पैतालीस मात्र) अतिरिक्त व्यय हुआ है। कार्यक्रम पर हुए अतिरिक्त व्यय का विवरण निम्नवत् है:-

क्र.	फर्म/एजेन्सी का नाम	बिल संख्या/ दिनांक	धनराशि	अभ्युक्ति
1	मे0 ग्लोबल ट्रेडिंग कम्पनी	जेम-47919232/ 18.09.2024	247500	कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कवियों/ आगंतुकों को सम्मानित किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से अंगवस्त्र का क्रय किया गया।
2	मे0 समर्थ इन्टरप्राईजेज	जेम-47918943/ 18.09.2024	692500	कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कवियों/ मोमेन्टो को सम्मानित किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से अंगवस्त्र का क्रय किया गया।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3	मे0 फेलीज इवेन्ट एण्ड हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज, लखनऊ	24-25/47, 21.10.2024	728000	कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले अतिविशिष्ट कवियों के आवास/भोजन पर व्यय।
		24-25/48, 21.10.2024	111266	
4	सुश्री अल्का निवेदन, लखनऊ/उद्घोषक	07.09.2024	5000	कार्यक्रम हेतु मंच संचालन पर व्यय।
5	होटल नक्षत्र, लखनऊ (मीजू लेजर एण्ड ट्रेडिंग सर्विसेज प्रा0लि0)	ई0वी0 02/24-25-044/21.09.2024	159536	03 दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कवियों को कार्यक्रम स्थल पर प्रातः ब्रेकफास्ट, लंच, हाई टी, डिनर एवं मिड नाईट मील पर व्यय।
		ई0वी0 02/24-25-045/21.09.2024	379459	
		ई0वी0 02/24-25-047/21.09.2024	409165	
		ई0वी0 02/24-25-049/21.09.2024	397501	
6	मे0 ईव मीडिया एडवरटाईजिंग एण्ड ब्राडकास्टिंग सॉल्युशन्स, लखनऊ	24-25/010/13.09.2024	33984	03 दिवसीय कार्यक्रम की फोटोग्राफी से संबंधित व्यय।
		24-25/011/13.09.2024	33488	
		24-25/012/13.09.2024	7670	
7	मे0 एम0आर0 ट्रेवेल्स, लखनऊ	296/04.10.2024	111409	03 दिवसीय कवि कुम्भ कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विशिष्ट कवियों/कवियों को स्थानीय स्तर पर यातायात की सुविधा पर व्यय।
		297/04.10.2024	79317	
		298/04.10.2024	57848	
		299/04.10.2024	78870	
		303/04.10.2024	124880	
8	मे0 ड्रीम 360, लखनऊ	335/10.10.2024	606214	कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु आमंत्रण कार्ड, होर्डिंग, स्टैण्डी इत्यादि से संबंधित व्यय।
		336/10.10.2024	265382	
9	मे0 स्कील वोलकेनो यूथ इन्टरटेनिंग एसोसिएशन, लखनऊ	109/10.10.2024	266680	03 दिवसीय कार्यक्रम हेतु मंच पर लगायी गयी एल0ई0डी0, राईजर, वीडियोग्राफी, लाईव टेलीकास्ट एवं सेल्फी प्वाइंटी इत्यादि पर व्यय।
		110/10.10.2024	93810	
		111/10.10.2024	531826	
		112/10.10.2024	224200	
10	मे0 आईकॉनिक मीडिया, लखनऊ	09/10.10.2024	488364	03 दिवसीय कार्यक्रम हेतु टेन्टेज, स्टेज, साउण्ड अरेन्जमेंट, लाईट डेकोरेशन एवं फ्लावर डेकोरेशन इत्यादि पर व्यय।
		10/10.10.2024	346566	
		11/10.10.2024	201249	
		12/10.10.2024	159418	
(रूपये अड़सठ लाख इक्तालीस हजार एक सौ दो मात्र) योग			6841102	

3. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार शासन के पूर्व शासनादेश संख्या-312/2024/2437/चार-2024-1834120, दिनांक 23.08.2024 द्वारा प्रदान की गयी रू0 45.45 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के क्रम में, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 एवं हिन्दी साहित्य अकादमी, संस्कार भारती एवं राष्ट्रीय कवि संगम के संयुक्त तत्वावधान में कुम्भ मेला-2025 के प्री इवेन्ट के अन्तर्गत कवि कुम्भ कार्यक्रम के आयोजन पर हुए अतिरिक्त वास्तविक व्यय **रू0 68,39,545.00 (रूपये अड़सठ लाख उनतालीस हजार पांच सौ पैंतालीस मात्र)** की कार्योत्तर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

(1) शासनादेश संख्या-312/2024/2437/चार-2024-1834120, दिनांक 23.08.2024 में उल्लिखित शर्तें यथावत् रहेंगी।
(2) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(3) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
(4) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अत: बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।
(5) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान सं0-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-14-महाकुम्भ-2025-42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

5. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव

संख्या - 144 /2025 / 1019 (1)/चार-2025-1834120 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।